शैक्षिक योग्यताओं में छूट दी जा सकती है। **कार्य** : (i) संबंधित अदालतों में एसएफआईओ द्वारा जांच किए गए सभी मामलों में अभियोजन/शिकायत दर्ज करने में सहायता करना और उनकी स्थिति से अवगत करना। (ii) सरकार द्वारा नियुक्त किए गए परामर्शदाताओं के साथ समन्वय। (iii) अदालती मामलों के आंकड़ों का रख-रखाव। (iv) समय-समय पर सौंपा गया कोई अन्य कार्य। **मुख्यालय**: अखिल भारतीय सेवा दायित्व (एआईएसएल) के साथ नई दिल्ली।

2. **(रिक्ति संख्या 22091802124) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में विशेषज्ञ ग्रेड III (सामान्य चिकित्सा) के पद के लिए अट्ठाईस रिक्तियां (अ.जा.-05, अ.ज.जा.-02, अ.पि.व.-11, ई.डब्ल्यू.एस.-01, अनारक्षित-09) (पीडब्ल्यूबीडी-01)***। *अट्ठाईस रिक्तियों में से एक रिक्ति बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी से संबंधित जैसे बधिर और ऊंचा सुनने वाले के साथ अक्षमता अर्थात् ऊंचा सुनने वाले **(एचएच)** उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। ये रिक्तियां बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी जैसे दृष्टिहीन और अल्प दृष्टि के साथ अक्षमता अर्थात् अल्प दृष्टि **(एलवी)**, बधिर और ऊंचा सुनने के साथ अक्षमता अर्थात् ऊंचा सुनने वाले **(एचएच)**, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात सहित चलने में असमर्थ, कुष्ठरोग उपचारित, बौनापन, तेजाबी हमले के शिकार तथा मांसपेशीय कुपोषण के साथ अक्षमता अर्थात् दोनों पैर प्रभावित लेकिन हाथ नहीं **(बीएल)** या एक पैर प्रभावित (दायां या बांया) **(ओएल)** या कुष्ठरोग उपचारित **(एलसी)** या बौनापन **(डीडब्ल्यू)** या तेजाबी हमले से पीड़ित **(एएवी)** या मांसपेशीय कुपोषण **(एमडीवाई)** या बहुविध अक्षमता **(एमडी)** अर्थात् बधिर-दृष्टिहीन सहित ऊपर निर्दिष्ट अक्षमताओं की उप-श्रेणियों में से कम से कम दो अक्षमताओं वाले व्यक्तियों के लिए भी उपयुक्त है। पद स्थायी हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा, ग्रुप

चुने गए उम्मीदवार, आवश्यकता पड़ने पर भारत की किसी भी रक्षा सेवा या रक्षा से संबद्ध किसी भी पद पर कम से कम चार वर्ष तक सेवा प्रदान करने हेतु उत्तरदायी होगें, जिसमें प्रशिक्षण की अवधि, यदि कोई है, भी सम्मिलित है, बशर्ते कि ऐसे अधिकारी को (क) सेवा में नियुक्ति या सेवा ग्रहण की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त पद पर कार्य करना अपेक्षित नहीं होगा, (ख) उसे 45 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद साधारणतया पूर्वोक्त पद पर कार्य करना अपेक्षित नहीं होगा, (ग) सभी रिक्तियां स्थायी है। परंतु रिक्तियां अस्थायी आधार पर भरी जाएंगी और नियुक्त व्यक्तियों को उनके संतोषजनक रूप से परिवीक्षा अवधि पूरा करने के पश्चात् ही सेवा पुष्टि/ स्थायी किया जाएगा।

3. **(रिक्ति संख्या 22091803124) आयुर्वेदिक और यूनानी तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल, आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में सहायक प्रोफेसर (आयुर्वेद), बाल रोग (कौमारभृत्य) के पद के लिए एक रिक्ति (अ.जा.-01)।** पद अस्थायी है किन्तु अनिश्चितकाल तक जारी रहने की संभावना है। सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह "क" राजपत्रित (अननुसचिवीय)। **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10+**प्रै.नि.भ.। आयु : 50* वर्ष। अनिवार्य योग्यताएं : शैक्षिक : (i)** भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के तहत मान्यताप्राप्त भारतीय चिकित्सा के विधिक या सांविधिक बोर्ड/संकाय/ परीक्षण निकाय द्वारा स्थापित या समकक्ष, विश्वविद्यालय से आयुर्वेद चिकित्सा में डिग्री। **(ii)** भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की अनुसूची में शामिल संबंधित विषय/विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर की डिग्री। **टिप्पणी** : आयुर्वेद की अपेक्षित विशषज्ञता में स्नातकोत्तर डिग्री धारक शिक्षकों की अनुपलब्धता के मामले में, संबद्ध विषयों में डॉक्टर ऑफ मेडिसिन पर विचार किया जाएगा। संबद्ध विषयों का विवरण इस प्रकार है : **प्रसूति और स्त्रीरोग / कायाचिकित्सा। वांछनीय**: संस्कृत में पढ़ना, लिखने और बोलने का

ज्ञान। **टिप्पणी** : उम्मीदवारों के अन्यथा अर्हक होने की स्थिति में कारणों को अभिलेखबद्ध करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विवेकानुसार योग्यताओं में छूट दी जा सकती है। **कार्य**: उन्हें सौंपे गए शैक्षणिक और नैदानिक कार्य, जैसे छात्रों को शिक्षण, प्रशिक्षण, प्रदर्शन, प्रस्तुति, प्रायोगिक, प्रयोगशाला कार्य आदि, और प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य। **मुख्यालय**: दिल्ली। **कोई अन्य शर्त** : सेवा में नियुक्त व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत प्रैक्टिस, जिसमें सभी प्रकार के परामर्श और प्रयोगशाला कार्य/प्रैक्टिस शामिल है, की अनुमति नहीं होगी ।

4. **(रिक्ति संख्या 22091804124) आयुर्वेदिक और यूनानी तिब्बिया कॉलेज और अस्पताल, आयुष निदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में सहायक प्रोफेसर (यूनानी), मॉलेजात के पद के लिए एक रिक्ति (अ.पि.व.-01)।** पद स्थायी है। सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह "क" राजपत्रित (अननुसचिवीय)। **वेतनमान**: 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10+**प्रै.नि.भ.। आयु : 48* वर्ष। अनिवार्य योग्यताएं** : **शैक्षिक** : (i) भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 के तहत मान्यताप्राप्त भारतीय चिकित्सा के विधिक या सांविधिक बोर्ड/संकाय/परीक्षण निकाय द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय या समकक्ष, से यूनानी चिकित्सा में डिग्री। (ii) भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 की अनुसूची में शामिल संबंधित विषय/विशेषज्ञता में स्नातकोत्तर की डिग्री। **वांछनीय** : अरबी / फारसी / अंग्रेजी, पढ़ने, लिखने और बोलने का ज्ञान। **टिप्पणी** : उम्मीदवारों के अन्यथा अर्हक होने की स्थिति में कारणों को अभिलेखबद्ध करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विवेकानुसार योग्यताओं में छूट दी जा सकती है। **कार्य**: सौंपे गए शैक्षणिक और नैदानिक कार्य, जैसे छात्रों को शिक्षण एवं प्रशिक्षण, अनुसंधान, प्रदर्शन, प्रस्तुति, प्रायोगिक, प्रयोगशाला कार्य आदि, और प्राधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य। **मुख्यालय**: दिल्ली।

**कोई अन्य शर्त** : (i) सेवा में नियुक्त व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत प्रैक्टिस, की जिसमें सभी प्रकार के परामर्श और प्रयोगशाला कार्य/प्रैक्टिस शामिल है, की अनुमति नहीं होगी । (ii) उम्मीदवारों को अ.पि.व. श्रेणी के तहत आरक्षण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी अ.पि.व. प्रमाण पत्र जमा करने पर ही प्रदान किया जाएगा । अन्य राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जारी अ.पि.व. प्रमाण पत्र जमा करने वाले उम्मीदवारों को सामान्य / अनारक्षित रिक्तियों के संबंध में सामान्य / अनारक्षित उम्मीदवारों के रूप में विचार किया जाएगा।

5. **(रिक्ति संख्या 22091805124) पशुपालन इकाई, विकास विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में पशु चिकित्सा अधिकारी के पद के लिए दस रिक्तियां (अ.जा.-01, अ.ज.जा.-01, अ.पि.व.-05, ई.डब्ल्यू.एस.-03)।** ये रिक्तियां बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) की श्रेणी जैसे दृष्टिहीन और अल्प दृष्टि के साथ अक्षमता अर्थात् अल्प दृष्टि **(एलवी),** बधिर और ऊंचा सुनने के साथ अक्षमता अर्थात् ऊंचा सुनने वाले **(एचएच),** प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात सहित चलने में असमर्थ, कुष्ठरोग उपचारित, बौनापन, तेजाबी हमले के शिकार तथा मांसपेशीय कुपोषण के साथ अक्षमता अर्थात् एक पैर प्रभावित (दायां या बांया) **(ओएल)** या एक हाथ प्रभावित (दायां या बायां) **(ओए)** या एक पैर और एक हाथ प्रभावित **(ओएलए)** या कुष्ठरोग उपचारित **(एलसी)** या बौनापन **(डीडब्ल्यू)** या तेजाबी हमले से पीड़ित **(एएवी)**, बहुविध अक्षमता **(एमडी)** अर्थात् बधिर-दृष्टिहीन सहित ऊपर निर्दिष्ट अक्षमताओं की उप-श्रेणियों में से कम से कम दो अक्षमताओं वाले व्यक्तियों के लिए भी उपयुक्त है। पद स्थायी है। सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह "क" राजपत्रित (अननुसचिवीय)। **वेतनमान**: *7*वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में लेवल-10+**प्रै.नि.भ.**। **आयु : 35 वर्ष। अनिवार्य योग्यताएं : (क) शैक्षिक :** (i) भारतीय पशु चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1982* (1984 का 52) की पहली अनुसूची या

दूसरी अनुसूची में शामिल मान्यताप्राप्त पशु चिकित्सा योग्यता। (ii) राज्य पशु चिकित्सा परिषद या भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकृत होना चाहिए। **वांछनीय:** डेयरी/मवेशी/कुक्कुट से संबंधित व्यावसायिक अनुभव। **टिप्पणी** : उम्मीदवारों के अन्यथा अर्हक होने की स्थिति में कारणों को अभिलेखबद्ध करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा विवेकानुसार योग्यताओं में छूट दी जा सकती है। **कार्य:** (i) सभी बीमार पशुओं का उपचार और पशुओं में सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान करना। (ii) पशुधन और कुक्कुट के संक्रामक रोगों के लिए रोगनिरोधी टीकाकरण। (iii) सभी प्रकार के पशुधन और कुक्कुट के पालन-पोषण, प्रबंधन और रोग नियंत्रण के संबंध में किसान, जनता को परामर्श और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना। (iv) प्राकृतिक आपदा की स्थिति में पशु चिकित्सा सहायता और बचाव प्रदान करना। (v) बीमाकृत मवेशियों के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करना और पशु चिकित्सा मामलों में पोस्टमार्टम करना। (vi) क्षेत्र में पशुपालन कार्य का विस्तार करना। **मुख्यालय:** दिल्ली। **कोई अन्य शर्त** : (i) सेवा में नियुक्त व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत प्रैक्टिस, की जिसमें सभी प्रकार के परामर्श और प्रयोगशाला कार्य/प्रैक्टिस शामिल है, की अनुमति नहीं होगी । (ii) उम्मीदवारों को अ.पि.व. श्रेणी के तहत आरक्षण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा जारी अ.पि.व. प्रमाण पत्र जमा करने पर ही प्रदान किया जाएगा । अन्य राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा जारी अ.पि.व. प्रमाण पत्र जमा करने वाले उम्मीदवारों को सामान्य / अनारक्षित रिक्तियों के संबंध में सामान्य / अनारक्षित उम्मीदवारों के रूप में विचार किया जाएगा।

